



फिर 12 साल पीछे जा चुका है पाकिस्तान

बर्बादी की कगार पर खड़े पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को उस वक्त ऑक्सीजन मिला था, जब 2019 में श्रीलंका ने तीन वनडे, तीन टी–20 और दो टेस्ट खेलने पर सहमति जताई थी। मगर एकबार फिर पाकिस्तान 12 साल पीछे जा चुका है। हफ्ते भर के भीतर दो देशों ने उसकी इंटरनेशनल बेइज्जती कर दी। न्यूजीलैंड ने मैच शुरू होने से ठीक पहले दौरा रद्द कर दिया फिर इंग्लैंड ने भी पाकिस्तान आने से इनकार कर दिया।

## रमीज बोले– क्रिकेट के मैदान पर भारत समेत अब तीन दुश्मन!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। पड़ोसी पाकिस्तान भारत के साथ हमेशा दुश्मनी रखता आया है। यह जंग के मैदान में थी लेकिन अब पाकिस्तान इसे क्रिकेट के मैदान तक लेकर चला गया है। दरअसल, हमारा पड़ोसी इस समय इंग्लैंड और न्यूजीलैंड से मिले अपमान की आग में जल रहा है। इसी बौखलाहट में उसने क्रिकेट की दुनिया में जंग का ऐलान कर दिया है। जी हां, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चीफ रमीज रजा यहां तक कह गए कि क्रिकेट जगत में इस तरह से हमें ब्लॉक किया गया तो हम भी आगे से लिहाज नहीं करेंगे। उन्होंने पाकिस्तानियों को उकसाते हुए कहा कि हम इसका बदला मैदान–ए–जंग में लेंगे। रजा ने एक तरह से अपने क्रिकेट खिलाड़ियों और देश के खेलप्रेमियों का हौसला बढ़ाने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि अगर हमारी क्रिकेट इकॉनमी बहुत बड़ी होती तो ये कभी इनकार नहीं करते। हमें अपनी क्रिकेट इकॉनमी बढ़ानी है जिससे इनकी रुचि रहे। न्यूजीलैंड और इंग्लैंड ने पाकिस्तान को झटका देते हुए मैच खेलने से ही इनकार कर दिया।

# आरसीबी को हराने वाले खिलाड़ी की कप्तान कोहली ने लगाई क्लास


क्रिकेट

## केकेआर के खिलाफ विराट आरसीबी के लिए 200वां मैच खेलने उतरे थे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2021 के 31वें मैच में विराट कोहली की कप्तानी वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को 9 विकेट से हरा दिया। अबुधाबी में खेले गए इस मुकाबले में केकेआर टीम ने गेंदों के लिहाज से अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की।

मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और आंद्रे रसेल ने आरसीबी की बल्लेबाजी क्रम को झकझोर दिया, जिससे कोहली एंड कंपनी पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल पाई। आरसीबी टीम 19 ओवर में 92 रन पर ढेर हो गई। इसके बाद डेब्यूटेंट वेंकटेश अय्यर की निर्भीक बल्लेबाजी से केकेआर ने 93 रन का लक्ष्य 60 गेंद बाकी रहते आसानी से हासिल कर लिया। इंदौर के इस क्रिकेटर ने केकेआर की ओर से डेब्यू मैच में 27 गेंदों पर नाबाद 41 रन की पारी खेली। वेंकटेश ने इस दौरान



युजवेंद्र चहल की गेंदों पर लगातार 2 चौके भरी जड़े। केकेआर के दूसरे ओपनर शुभमन गिल ने 48 रन का योगदान दिया।

मैच के बाद 26 वर्षीय वेंकटेश को आरसीबी और टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली बैटिंग के टिप्स देते नजर आए।

वीडियो को देखकर लगता है कि विराट युवा वेंकटेश को सही फुटवर्क, उछाल लेती गेंदों को हुक करने और उस दौरान सिर की सही पोजीशन के बारे में बता रहे हैं।

विराट इस दौरान खुद स्टांस लेते हुए वेंकटेश को शॉट खेलने का तरीका बताते हुए नजर आए। कोहली और वेंकटेश का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। कोहली की इस दरियादिली को सोशल मीडिया पर लोग काफी प्रशंसा कर रहे हैं।


**कप्तान मोर्गन ने बांधे तारीफों के पूल:** केकेआर के कप्तान इयोन मोर्गन ने आरसीबी के खिलाफ डेब्यू करने वाले वेंकटेश अय्यर की सराहना करते हुए कहा है कि उन्होंने निडर होकर खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया। मोर्गन ने कहा, श्मेरे ख्याल से वेंकटेश जिस तरह से आए और खेले वो बेहतरीन था और उन्होंने उस ब्रांड का क्रिकेट खेला जैसा हम खेलना चाहते हैं। हमारी टीम में काफी प्रतिभा है और ब्रेंडन मैक्कुलम के नेतृत्व में खेलना जो काफी आक्रमक प्रवृत्त के हैं और इसी तरह खेलना चाहते हैं।

# स्टेडियम में आईपीएल मुकाबले के दौरान महिला के होने पर आपत्ति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 14वें सीजन के दूसरे चरण के मुकाबलों की शुरुआत हो चुकी है। 19 सितंबर रविवार से टूर्नामेंट के बचे हुए मुकाबलों की शुरुआत हुई। मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच दूसरे चरण का पहला मुकाबला खेला गया। यूएई में 15 अक्टूबर तक टूर्नामेंट का आयोजन किया जाना है। दर्शकों को भी स्टेडियम में जाकर मैच देखने का इजाजत मिल चुकी है। एक तरफ जहां तमाम फैंस मैच का मजा उठाने को बेकरार हैं वहीं अफगानिस्तान में इसके प्रसारण पर रोक लगा दी गई है।

अफगानिस्तान में तालिबान का कब्जा है और अब वहां पर नए नए फरमान जारी किए जा रहे



हैं। ताजा घटनाक्रम के मुताबिक अब आइपीएल के मुकाबलों का प्रसारण अफगानिस्तान में नहीं किया जा सकेगा। सत्ता पर आसीन लोगों का मानना है कि टूर्नामेंट में एंटी इस्लाम कंटेंट है। मैच के दौरान जो चीयर लीडर्स है उनका सिर ढंका नहीं होता। इस बात से अफगानिस्तान के आका नाराज हैं।

आइपीएल के मैच के दौरान चीयरलीडर्स अपने अपने टीम का उत्साह बढ़ाने के लिए डांस करती हैं। बिना सिर ढंके ऐसे डांस करना अफगानिस्तान की सरकार का गवारा नहीं। तालिबान शासित अफगानिस्तानी सरकार का मानना है कि आइपीएल उनकी धार्मिक भावनाओं के विरुद्ध है और उनके माने जाने वाली चीजों पर आघात करती है। इसी वजह से यूएई में खेले जा रहे दूसरे चरण के प्रसारण पर अफगानिस्तान में रोक लगाने का फैसला लिया गया।

**दूसरे चरण की शुरुआतः** रविवार को खेले गए पहले मैच में चेन्नई की टीम ने मौजूदा चौंपियन मुंबई की टीम को 20 रन से हराया। वहीं दूसरे मुकाबला में रायल चौलेंजर्स बैंगलोर को कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ 9 विकेट की करारी मात मिली। आरसीबी की टीम महज 92 रन ही बना पाई थी। जवाब में कोलकाता की टीम ने 1 विकेट गंवाकर 10 ओवर शेष रहते ही जीत दर्ज कर ली।

## आरेंज और पर्पल कैप की रेस में कौन सा खिलाड़ी है आगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग यानी आइपीएल के 14वें सीजन की अंकतालिका में लगातार उतार–चढ़ाव देखा जा रहा है, लेकिन आरेंज और पर्पल कैप की रेस में जो खिलाड़ी इस समय शीर्ष पर हैं, उनको कोई हटा नहीं पाया है। इतना ही नहीं, जो खिलाड़ी इस समय पर्पल कैप और आरेंज कैप की रेस में सबसे आगे हैं, उन्होंने आइपीएल 2021 के दूसरे भाग में एक भी मैच नहीं खेला है। हालांकि, पर्पल और आरेंज कैप की रेस अभी दिलचस्प होने वाली है। आईपीएल 2021 के आरेंज कैप की बात करें तो कैप अभी भी दिल्ली कैपिटल्स के ओपनर शिखर धवन के सिर पर सजी हुई है, क्योंकि वे आइपीएल के 14वें सीजन में अब तक सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 8 मैचों में 380 रन बनाए हैं, जिसमें 3 अर्धशतक शामिल हैं। वहीं, दूसरे पायदान पर पंजाब किंग्स के कप्तान केएल राहुल हैं, जो 7 मैचों में 4 अर्धशतकों के साथ 331 रन बना चुके हैं। तीसरे पायदान पर चेन्नई सुपर किंग्स के फाफ डुप्लेसिस हैं, जो 8 मैचों की 8 पारियों में 4 अर्धशतकों के साथ 320 रन बना पाए हैं।

## न्यूज डायरी



### पहला वनडे हारी भारतीय महिलाएं, ऑस्ट्रेलिया की लगातार 25वीं जीत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मैकॉय। भारतीय बल्लेबाज एक बार फिर बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रहे जबकि गेंदबाज भी प्रभाव नहीं छोड़ पाए, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने पहले महिला एकदिवसीय में मंगलवार को आसान जीत दर्ज की। 54 गेंद शेष रहते हुए नौ विकेट से मिली इस जीत के बाद ऑस्ट्रेलिया तीन मैच की वनडे सीरीज में 1–0 से आगे हो गई। अगला मैच 24 सितंबर को खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया ने 41 ओवर में एक विकेट पर 227 रन बनाकर वनडे में अपनी लगातार 25वीं जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने मार्च 2018 के बाद कोई मैच नहीं गंवाया है। ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम को चुनौती देने के लिए 250 रन से अधिक का स्कोर बनाने के लक्ष्य के साथ मैदान पर उतरी भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद नियमित अंतराल में विकेट गंवाए और वह आठ विकेट पर 225 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलिया की जीत में तेज गेंदबाज डार्सी ब्राउन (33 रन देकर चार) तथा सलामी बल्लेबाज एलिसा हीली (77 गेंदों पर 77 रन), राचेल हेन्स (100 गेंदों पर नाबाद 93) और कप्तान मेग लैनिंग (69 गेंदों पर नाबाद 53) ने अहम भूमिका निभायी।

### क्रिस गेल को जन्मदिन पर पाकिस्तान से क्यों मिल रही है इतनी बधाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। यूनिवर्स बॉस क्रिस गेल का आज जन्मदिन है। गेल मैदान के भीतर जितने खतरनाक हैं। बाहर उतने ही मस्तमौला और बिंदास। 21 सितंबर 1979 को जमैका में पैदा हुआ यह बब्बू बल्लेबाज आज 42 साल का हो गया। आईपीएल में पंजाब किंग्स की ओर से खेलने वाले गेल को पंजाबी डैडी भी कहा जाता है। दुनिया के हर देश में उनकी बराबर लोकप्रियता है। मगर इस बार बर्थडे पर उन्हें पाकिस्तान से खास बधाइयां आ रही हैं। इसकी एक खास वजह है। गेल ने मजाक में कहा कि वह पाकिस्तान की यात्रा करने को तैयार हैं। उनके इस ट्वीट ने फैंस के बीच खूब सुर्खियां बटोरी थीं। इस पर पाकिस्तान के सीमर मोहम्मद आमिर समेत कई लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया दी। गेल के कमेंट के बाद आमिर ने ट्वीट किया, आप वहां मिलें, मैं कल पाकिस्तान जा रहा हूं, मेरे साथ कौन आ रहा है? गेल आईपीएल 2021 के बाकी बचे मैचों के लिए पंजाब किंग्स की ओर से आईपीएल में अभ्यास कर रहे हैं।

### केकेआर का यह गेंदबाज टी20 में भारत के लिए बड़ा एक्स फैक्टर क्यों साबित होगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2021 की भारतीय टीम में केकेआर के रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को शामिल किया गया है। वरुण ने यूएई लेग के पहले ही मैच में आरसीबी के खिलाफ साबित किया कि उन्हें क्यों इस वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में जगह दी गई है। वरुण ने आरसीबी के खिलाफ 4 ओवर में 13 रन देकर तीन विकेट लिए और ग्लेन मैक्सवेल, वानेंदु हसरंगा व सचिन बेबी को आउट किया। केकेआर के गेंदबाजों ने आरसीबी को 2 रन पर आउट कर मैच को 9 विकेट से जीत लिया था। वरुण के इस तीन विकेट ने आरसीबी के मध्यक्रम को पूरी तरह से तोड़ दिया था। उनकी गेंदबाजी से टीम इंडिया के पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान काफी इंप्रेस हुए थे और उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए कहा कि वो टीम इंडिया के लिए टी20 वर्ल्ड कप 2021 में बड़ा एक्स–फैक्टर साबित हो सकते हैं।

### कोहली जिस गेंद पर आउट हुए फार्म में होते तो उस पर चौका लगाते

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आइपीएल 2021 के दूसरे लेग में आरसीबी की शुरुआत बेहद खराब रही और केकेआर के हाथों इस टीम को अपने पहले ही मैच में 9 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। विराट कोहली की टीम कोलकाता के गेंदबाजों के सामने पूरी तरह से बिखर गई और सिर्फ 92 रन पर आल आउट हो गई। आरसीबी की बल्लेबाजी काफी अच्छी है, लेकिन इस टीम के बल्लेबाज रेगुलर इंटरवल पर अपना विकेट गंवाते रहे और उनकी तरफ से एक भी बड़ी साझेदारी नहीं हो पाई। केकेआर के खिलाफ आरसीबी के चार बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार कर पाए और खुद कप्तान कोहली 5 रन बनाकर आउट हो गए थे।